# 2022

# HINDI

## ( Honours )

Paper : HIN–HC–1016

**[ हिन्दी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल तक) ]**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) आदिकाल को 'वीरगाथा काल' किसने कहा है?

(ख) 'पउम चरिउ' किस कवि की रचना है?

(ग) 'दोहाकोश' के रचयिता कौन हैं?

(घ) नाथ–साहित्य का प्रवर्तक किसे माना जाता है?

(ङ) 'पृथ्वीराज रासो' की भाषा क्या है?

(च) आदिकाल के किस कवि ने खड़ीबोली में रचना की है?

(छ) भक्ति आन्दोलन की शुरुआत कहाँ से हुई?

(ज) कविवर सूरदास को किस रस का सम्राट कहा जाता है?

(झ) सूफी काव्यधारा की प्रधान भाषा क्या है?

(ञ) 'बीजक' किसकी रचना है?

(ट) रामभक्ति काव्यधारा का आधार-ग्रंथ क्या है?

(ठ) 'भक्तमाल' किसकी रचना है?

(ड) 'रीति' शब्द का सामान्य अर्थ क्या है?

(ढ) रीतिकालीन काव्य को (रीति के आधार पर) मुख्यतः कितने भागों में बाँटा गया है?

(ण) 'सुजान सागर' किसकी रचना है?

(त) 'कविराज शिरोमणि' की उपाधि किस कवि को प्राप्त है?

(थ) 'कवित्त रत्नाकर' के रचयिता कौन हैं?

(द) बिहारी किस राजा के आश्रित कवि थे?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त दीजिए : $2\times5=10$

(क) आदिकालीन साहित्य को कितने भागों में विभाजित किया गया है? उनके नाम लिखिए।

(ख) आदिकाल के सिद्ध साहित्य और नाथ साहित्य के एक-एक प्रमुख कवि का नाम लिखिए।

(ग) पं. राहुल सांकृत्यायन ने हिन्दी का प्रथम कवि किसे माना है? उनका रचनाकाल कब से प्रारंभ हुआ?

(घ) भक्ति-आन्दोलन का प्रमुख लक्ष्य क्या था?

(ङ) प्रेमाश्रयी शाखा के किसी एक कवि द्वारा रचित दो ग्रंथों के नाम लिखिए।

(च) अष्टछाप के किन्हीं दो कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

(छ) मध्यकाल में अवधी भाषा में रचित किन्हीं दो प्रसिद्ध महाकाव्यों के नाम लिखिए।

(ज) रीतिकाल के किन्हीं दो आचार्य कवियों के नाम लिखिए।

(झ) रीतिकालीन कवियों ने नारी को किस रूप में देखा है?

(ञ) रीतिकालीन कवि ठाकुर की दो काव्य-रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'आदिकाल' नाम की उपयुक्तता पर संक्षेप में विचार कीजिए।

(ख) आदिकालीन जैन साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) विद्यापति का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(घ) भक्तिकाल की सामाजिक परिस्थिति का वर्णन कीजिए।

(ङ) सगुण भक्तिकाव्य से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए।

(च) 'रामचरितमानस' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(छ) रीतिकाल की समयसीमा का खुलासा कीजिए।

(ज) रीतिकालीन काव्य में अभिव्यक्त शृगांरिकता पर एक टिप्पणी लिखिए।

( Turn Over )

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) आदिकालीन राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर विवेचन कीजिए।

(ख) आदिकालीन सिद्ध साहित्य का परिचय देते हुए इसके महत्त्व का आकलन कीजिए।

(ग) भक्तिकालीन कृष्णभक्ति काव्यधारा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) ज्ञानमार्गी काव्य-परम्परा को कबीर की देन पर विवेचन कीजिए।

(ङ) रीतिकाल के नामकरण की समस्या पर अपना विचार व्यक्त कीजिए।

(च) रीतिबद्ध काव्यधारा (डॉ० नगेन्द्र के अनुसार) के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।

(छ) मध्यकालीन भक्ति आन्दोलन के स्वरूप एवं उद्भव के कारणों पर विवेचन कीजिए।

(ज) रीतिमुक्त काव्यधारा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(झ) सन्त और सूफी काव्यधाराओं के साम्य-वैषम्य पर सम्यक् चर्चा कीजिए।

(ञ) आदिकालीन रासो काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

★★★